# एचबीटीयू में बनेगा स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर



रविवार को एचबीटीयू में पूर्व छात्र सम्मेलन में छात्रों का सम्मान किया गया। • हिन्दुस्तान

**28** व 29 नवंबर 2020 को अगला सम्मेलन, एल्युमिनाई एसोसिएशन के नए अध्यक्ष व सचिव का हुआ चयन

## एल्युमिनाई मीट

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

एचबीटीयू में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर खोला जाएगा। छात्रों के समुचित विकास के लिए सिर्फ पढ़ाई ही जरूरी नहीं है। उनकी हर प्रतिभा को निखारने के लिए एक्टिविटी सेंटर जरूरी है। यह सेंटर एल्युमिनाई एसोसिएशन बनवाएगा, इसकी सहमति बन गई है। यह भी तय हुआ कि अगले साल का छात्र सम्मेलन 28 व 29 नवंबर 2020 को होगा।

एचबीटीयू में रविवार को एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन का समापन हुआ। रविवार को सम्मेलन की शुरुआत क्रिकेट मैच से हुआ। एल्युमिनाई एसोसिएशन और वर्तमान छात्रों के बीच वेस्ट कैम्पस में एक मैत्री क्रिकेट मैच हुआ, जिसमें सभी ने खूब मस्ती की। इसके बाद दो साल के लिए बनने वाली एल्युमिनाई एसोसिएशन की एक्जक्यूटिव कमेटी का चयन किया गया। इसमें बलराम उपाध्याय को अध्यक्ष और विवेक मिश्रा को सचिव चुना गया। मयंक जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सदस्यों में राधाकांत जायसवाल, राजीव सिंघल, प्रवीण गुप्ता, स्वप्नलेखा बसाक, सुशील कुमार, आशीष का चयन किया गया है।

## स्कॉलरशिप के लिए दिए पांच लाख रुपए

वर्ष 1969 बैच के पेंट टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र ब्रज शर्मा ने छात्रों की स्कॉलरशिप के लिए पांच लाख रुपए डोनेट किया है। इसकी मदद से एक छात्र को 10 माह के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। छात्र को हर माह तीन हजार रुपए की स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके लिए ब्रज शर्मा और एचबीटीयू प्रशासन के बीच एक एमओयू भी हुआ है।



एचबीटीयू में सीनियर के साथ जूनियर छात्रों ने खूब मस्ती की। • हिन्दुस्तान